# हरियाणा विधान सभा

**(8 अगस्त, 2022 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**अतारांकित प्रश्न**

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

## सड़क को चौड़ा करना

1 **श्री प्रवीण डागर (हथीन):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या पलवल-नूंह राज्य राजमार्ग सं. 13 जो कि दोनों जिलों की मुख्य योजक सड़क है, को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## वी. आई. पी. व्यक्तियों/नेताओं की सुरक्षा पर कुल खर्च

2 **श्री अभय सिंह चौटाला( ऐलनाबाद) :**
**श्री नीरज शर्मा( फरीदाबाद एनआईटी) :**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) उन सांसदों, भूतपूर्व सांसदों, विधायकों/ भूतपूर्व विधायकों तथा अन्य विभिन्न श्रेणियों से संबधित व्यक्तियों/नेताओं के नाम क्या हैं जिन्हें राज्य में अक्तूबर, 2019 से आज तक सरकारी खर्च पर सुरक्षा प्रदान की गई है;

(ख) उपरोक्त 'क' में यथावर्णित सदस्यों को किस आधार पर सुरक्षा प्रदान की गई है तथा सुरक्षा का खर्च किसके द्वारा वहन किया जा रहा है तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) उन व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें धमकी के आधार पर सुरक्षा प्रदान की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पिच सड़कों के निर्माण का ब्यौरा

3 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) बादशाहपुर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में मुख्यमंत्री किसान खेत कल्याण सड़क योजना के तहत योजना के आरम्भ के बाद से अब तक निर्मित की गई पिच सड़कों का ब्यौरा क्या है तथा उनके स्थान, लम्बाई तथा गांव का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) बादशाहपुर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में उक्त योजना के तहत लाभान्वित गांवों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) उक्त योजना के तहत उपरोक्त गांवों में सड़क के निर्माण के लिए स्वीकृत निधियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) उपरोक्त कार्यों के लिए प्रदान की गई निविदाओं तथा उनकी प्रतियों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ङ) वर्ष 2022 तथा 2023 में बादशाहपुर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में स्थानीय सरकारी प्राधिकारियों द्वारा पिच सड़कों के निर्माण आरम्भ किए गए अथवा आरम्भ किए जाने का ब्यौरा क्या है तथा उनके स्थान, लम्बाई तथा गांव का ब्यौरा क्या है ?

----

## एच.एस.वी.पी. का भूमि आबंटन

4 **श्री नरेन्द्र गुप्ता (फरीदाबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) हरियाणा राज्य विकास प्राधिकरण की भूमि किसी संस्था, व्यक्ति तथा किसी अन्य श्रेणी को पेट्रोल पम्प, दुकान तथा किसी अन्य उद्देश्य के लिए आबंटित करने के लिए क्या नियम है;

(ख) क्या हरियाणा राज्य विकास प्राधिकरण अपनी भूमि किसी अन्य विभाग को पट्टे पर देने के लिए अनापत्ति प्रमाण प्रदान कर सकता है;

(ग) क्या 01.04.2019 से अब तक फरीदाबाद में किसी अन्य विभाग को कोई जमीन देने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) क्या किसी व्यक्ति को पार्किंग क्षेत्र आबंटित करने का भी कोई नियम है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## रोजगार सृजन सब्सिडी योजना के तहत जारी की गई निधियां

5 **श्री वरुण चौधरी ( मुल्लाना):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में 1 जनवरी, 2021 से रोजगार सृजन सब्सिडी योजना के तहत सरकार द्वारा जारी की गई निधियों का जिला वार ब्यौरा क्या है

?

----

## अग्निशमन स्टेशन को स्थानांतरित करना

6 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि कालका का अग्निशमन स्टेशन बहुत भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में स्थित है; तथा

(ख) यदि हां, तो उचित सेवा प्रदान करने के लिए किसी खुले स्थान में कालका के अग्निशमन स्टेशन को स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसे कब तक स्थानांतरित किये जाने की संभावना है?

----

## स्टेडियम का निर्माण कार्य

7 **श्री नीरज शर्मा ( फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) उस ठेकेदार का नाम क्या है जिसे राजा नाहर सिंह स्टेडियम का निर्माण कार्य आबंटित किया गया है तथा कार्य आदेश के अनुसार निर्माण कार्य किस समय आरम्भ हुआ है तथा उक्त कार्य को पूरा करने की समय अवधि क्या है;

(ख) स्टेडियम कि निर्माण कार्य की कुल लागत कितनी है तथा ठेकेदार को अग्रिम भुगतान में अब तक कुल कितनी राशि दी गई; तथा

(ग) स्टेडियम का अब तक कुल कितना प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है तथा शेष कार्य के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

----

## सेम की समस्या का समाधान

8 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) आज तक राज्य में सेम की समस्या के कारण कुल कितनी भूमि नष्ट हुई; तथा

(ख) क्या सेम की समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुल का निर्माण

9 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि अलीका से यादूपुर तक के रास्ते पर गोंछी ड्रेन का पुल जर्जर है; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या उक्त पुल का विस्तार करके निमार्ण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त कार्य के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

----

## राजकीय कन्या महाविद्यालय खोलना

10 **श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध)ः**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि असंध विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव जलमाना के आसपास के 10 किलोमीटर के क्षेत्र में कोई कन्या महाविद्यालय नहीं है; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त गांव में राजकीय कन्या महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## बस अड्डे का स्थानातंरण/पुनर्निर्माण करना

11 **श्री राम कुमार (इंद्री)ः**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) इन्द्री बस स्टैण्ड का स्थानान्तरण/पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो इसको कब तक स्थानान्तरित/पुनर्निर्मित किए जाने की कोई संभावना है?

----

## नगर निगम फरीदाबाद की लाईटों का ब्यौरा

12 **श्री बिशन लाल सैनी ( रादौर)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) फरीदाबाद नगर निगम में वर्क आर्डर संख्या MCF/EE-Elect/2018/24 दिनांकित 12.04.2018, MCF/EE-Elect/2018/25 दिनांकित 12.04.2018, MCF/EE-Elect/2018/21 दिनांकित 12.04.2018, MCF/EE-Elect/2018/26 दिनांकित 12.04.2018, MCF/EE-Elect/2018/29 दिनांकित 12.04.2018 के अर्न्तगत कितनी लाईटें लगाई जानी थी तथा लगाई गई लाइटों की स्थान-वार संख्या कितनी है तथा कब लगाई गई;
(ख) उक्त कार्य आदेशों के बिल किस तिथि को बनाए गए हैं तथा किस तिथि को इस

संबंध में बिलों का भुगतान किया गया;
(ग) क्या किसी उपरोक्त कार्य आदेशों के अर्न्तगत लाईटों को लगाने के स्थानों/स्थलों को स्थानातंरित कर दिया गया है; तथा
(घ) यदि हां, तो उस व्यक्ति का नाम क्या है जिसकी अनुमति से तथा जिसके द्वारा उक्त साइट को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है तथा इसके अनुरोध आवेदन की प्रति क्या है?

----

## महाविद्यालय के भवन का पुर्ननिर्माण करना

13 **श्री सीता राम यादव ( अटेली)**:

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या अटेली के सरकारी महाविद्यालय के भवन का पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जो कि जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय के भवन का पुनर्निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ऊपरी पुल का निर्माण करना

14 **श्रीमती रेनू बाला (साढौरा)**:

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-73 क पर छप्पर के पास के चौराहे को दुर्घटना चौंक के रूप में जाना जाता है, जहां प्राया हर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं; यदि हां, तो जनता की बार-बार मांग के बावजूद सरकार द्वारा उपरी पुल के निर्माण करने के लिए कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण क्या हैं ?

----

## सड़क का निर्माण करना

15 **श्री सुभाष गांगोली (सफीदों)**:

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि सफीदों में सरला मेमोरियल कन्या महाविद्यालय के सामने सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## विद्यालयों का दर्जा बढ़ाना

16 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा )**:

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बाढड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव माई खुर्द

तथा खेड़ी बुरा के राजकीय उच्च विद्यालयों का दर्जा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालयों का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## डिग्री महाविद्यालय को खोलना

17 **श्री प्रवीण डागर (हथीन):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हथीन विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव मानपुर में कोई नया डिग्री महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त महाविद्यालय के कब तक खोले जाने की संभावना है ?

----

## जैविक खेती की स्थिति

18 **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में जैविक खेती की स्थिति क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सड़कों के निर्माण का ब्यौरा

19 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) बादशाहपुर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) विभाग द्वारा आरम्भ किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;
(ख) इन कार्यों के पूरा करने की स्थिति क्या है;
(ग) इन कार्यों के लिए दी गई निविदाओं तथा उनकी प्रतियों का ब्यौरा क्या है; तथा
(घ) बादशाहपुर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में वर्ष 2019 से आज तक लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) विभाग के गुरूग्राम के मण्डल द्वारा आरम्भ की गई सड़कों के निर्माण का ब्यौरा क्या है ?

----

## नगर निगम फरीदाबाद को भूमि आबंटन का नियम

20 **श्री नरेन्द्र गुप्ता (फरीदाबाद):**

क्या शहरी स्थानीय मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) नगर निगम, फरीदाबाद की भूमि किसी संस्था, व्यक्ति तथा किसी अन्य वर्ग को

आबंटित करने के क्या नियम है;
(ख) जनवरी, 2020 के बाद नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा कितना भूमि का क्षेत्र/स्थल आबंटित किया गया है तथा किस माध्यम से अर्थात् आबंटन या नीलामी की गई तथा आबंटन तथा नीलामी के माध्यम से आबंटित भूमि का अलग-अलग ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) क्या नगर निगम, फरीदाबाद में ऐसा नियम है जिसके अर्न्तगत निगम दूसरे विभाग को विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेकर भूमि पट्टे पर उपलब्ध करा सकता है; यदि हां, तो क्या जनवरी, 2020 के बाद नगर-निगम, फरीदाबाद द्वारा कोई स्थल पट्टे पर उपलब्ध करवाए गया है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## राशन कार्डों का ब्यौरा

21 **श्री वरुण चौधरी ( मुल्लाना):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि जिलावार आवेदन किए गए राशन कार्डो की संख्या कितनी है तथा वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 (30 जून,2022 तक) में उनके जारी करने का नियत समय क्या है तथा उनके देरी होने के क्या कारण हैं?

----

## पर्याप्त अमला नियुक्त करना

22 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों में अमले की कमी के कारण बिजली की शिकायतें का समय पर निस्तारण नहीं हो रहा है; यदि हां, तो बिजली की शिकायतें के तुरन्त निस्तारण के लिए पर्याप्त अमला वहां पर कब तक नियुक्त किये जाने की संभावना है?

----

## स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत कार्यों का ब्यौरा

23 **श्री नीरज शर्मा ( फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) स्मार्ट सिटी योजना के तहत फरीदाबद में विकसित हुए थीम पार्कों की संख्या तथा अवस्थिति क्या है तथा उन पर कुल कितनी राशि खर्च किए जाने की संभावना है तथा इनके कब तक विकसित किए जाने की संभावना है;
(ख) स्मार्ट सिटी, फरीदाबाद के लिए भारत सरकार तथा राज्य सरकार से अब तक क्रमशः कुल कितनी राशि प्राप्त हुई है; तथा
(ग) स्मार्ट सिटी, फरीदाबाद के तहत किये जा रहे/पूरा किये गए कार्यों की संख्या कितनी है तथा पूरे किए गए कार्यों का तथा निष्पति प्रमाण पत्र सहित रिपोर्ट का ब्यौरा क्या

है ?

----

## राज्य में किसानों की कुल संख्या

24 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या कृषि एवं किसान मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) राज्य में किसानों की कुल संख्या कितनी है तथा छोटे, मध्यम तथा बडे़ किसानों का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है;
(ख) आज तक राज्य के किसानों पर राष्ट्रीय तथा सहकारी बैंकों का कुल ऋण कितना है तथा जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) राज्य में 2014 से अब तक आत्महत्या करने वाले किसानों की कुल संख्या कितनी है तथा सरकार द्वारा मुआवजा दिया गया उन मृतक किसानों के परिवारों की संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुल का निर्माण करना

25 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि हसनपुर रजबाह पर अलीगढ़ सड़क से गांव तराका तक जाने वाले रास्ते का पुल क्षतिग्रस्त है; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या इस पुल को चौड़ा करके एक नए पुल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

----

## बहु-तकनीकी महाविद्यालय खोलना

26 **श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या असंध विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बल्ला में बहु-तकनीकी महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## इन्द्री बाई-पास को चौड़ा करना

27 **श्री राम कुमार (इंद्री):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या इन्द्री बाई-पास को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसको कब तक चौड़ा किए जाने की संभावना है?

----

## नगर निगम फरीदाबाद में कार्य का आबंटन

28 **श्री बिशन लाल सैनी ( रादौर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम फरीदाबाद पत्र क्रमांक MCF/EE-1/2019/456 दिनांकित 16.09.2019 के माध्यम से टेक चन्द ठेकेदार को कार्य आबंटित किए गए थे; यदि हां, तो किस आधार पर अनुमान/कार्य फाईल बनाई गई थी तथा उक्त अनुमान/कार्य फाईल बनाने वाले व्यक्ति का नाम क्या है तथा क्या उक्त स्थान पर कार्य करने की कोई आवश्यकता है;

(ख) क्या कार्य आदेश के अनुसार कार्य का स्थान स्थानातंरित कर दिया गया है; यदि हां, तो उस व्यक्ति का नाम क्या है जिसकी अनुमति से तथा किसके अनुरोध पर उक्त स्थान बदला गया तथा अनुरोध आवेदन सहित स्थान के स्थानांतरण के लिए सहमति की तिथि की प्रति दी जाए; तथा

(ग) स्थानांतरण के बाद पूर्व स्थल की वर्तमान स्थिति क्या है, जहां पर कार्य आदेश के अनुसार कार्य किया जाना था तथा उसकी फोटोग्राफ तथा ब्यौरा क्या है?

----

## बस अड्डे के नए भवन का निर्माण करना

29 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि कनीना बस अड्डे का भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त भवन के स्थान पर बस अड्डे के नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## मादक पदार्थों को नियंत्रित करना

30 **श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि राज्य के कस्बों तथा शहरों के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी मादक पदार्थों की तस्करी बड़े पैमाने पर फल-फूल रही है; यदि हां, तो सरकार द्वारा राज्य में मादक पदार्थों को नियंत्रित करने के लिए क्या कार्यवाही की गई?

----

## जल भराव की समस्या का समाधान करना

31 **श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवें, भाग खेड़ा, भरटाना, सिवानमल, भम्बेवा तथा डिडवाडा के खेतों तथा आबादी में जल भराव की समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## नए भवन में महाविद्यालय की कक्षाएं आरम्भ करना

32 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि गांव माण्डी हरिया विद्यालय के भवन में चल रही राजकीय महाविद्यालय की कक्षाएं कब तक महाविद्यालय के नए भवन में आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

----

## एक कृषि महाविद्यालय खोलना

33 **श्री प्रवीण डागर (हथीन):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि हथीन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मंडकौला गांव में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में एक कृषि महाविद्यालय खोलने के लिए सरकार द्वारा क्या कारवाई की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बायोफोर्टिफिकेशन योजना लागू करना

34 **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन की सहायता से राज्य में सरकार द्वारा बायोफोर्टिफिकेशन योजना लागू की जानी थी; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सड़कों के निर्माण का ब्यौरा

35 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) बादशाहपुर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में वर्ष 2014 से आज तक नगर निगम गुरूग्राम

द्वारा आरम्भ किए गए सड़कों के निर्माण का ब्यौरा क्या है;
(ख) बादशाहपुर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में वर्ष 2014 से आज तक नई सड़कों के निर्माण के लिए आबंटित या स्वीकृत तथा खर्च की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;
(ग) उपरोक्त कार्यों के पूरा होने की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा
(घ) उपरोक्त कार्यों के लिए दी गई निविदाओं का उनकी प्रतियों सहित ब्यौरा क्या है ?

----

**कौशल रोजगार निगम के तहत रोजगार का मानदंड**

36 **श्री वरुण चौधरी ( मुल्लाना):**

क्या कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री बताएंगे कि-
(क) राज्य में कौशल रोजगार निगम के तहत रोजगार पाने का मापदंड क्या है;
(ख) 30 जून, 2022 तक राज्य में कौशल रोजगार निगम के तहत रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की जिलेवार संख्या कितनी है; तथा
(ग) कौशल रोजगार निगम की स्थापना के समय से राज्य में रोजगार से हटाए गए व्यक्तियों की संख्या तथा रोजगार छोड़ने वाले व्यक्तियों की जिलेवार संख्या कितनी है?

----

**घोटाले की जांच**

37 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बतांएगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि पुलिस स्टेशन पिंजौर में मैसर्ज़ ए सी सी लिमिटेड सूरजपुर के विरूद्ध 2 करोड़ रूपये के घोटाले के बारे में प्राथमिकी संख्या 341 दिनांक 17.10.2016 को दर्ज की गई थी तथा सरकार द्वारा उक्त मामला दिनांक 7.09.2018. को जांच के लिए सतर्कता विभाग को सुपुर्द किया गया था; तथा
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सतर्कता विभाग द्वारा की गई जांच का ब्यौरा क्या है ?

----

**नीति बनाना**

38 **श्री नीरज शर्मा ( फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या 2014 की सिविल अपील सं. 6990 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश/निर्णय को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कोई नीति बनाई जा रही है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं ?

----

**बेसहारा पशुओं की समस्या का समाधान करना**

**39 श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या पशुपालन तथा डेयरी विकास मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या राज्य की सड़कों पर घुम रहे बेसहारा पशुओं की समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य में बेसहारा पशुओं के कारण पिछले पांच वर्षों के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं की कुल संख्या कितनी है तथा उक्त दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है तथा उक्त दुर्घटनाओं में घायल हुए व्यक्तियों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) क्या बेसहारा पशुओं के कारण उपरोक्त सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाने वाले व्यक्तियों के आश्रित परिवारों को सहायता प्रदान करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## नगर परिषद के कार्यालय का निर्माण करना

**40 श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बतांएगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा कोड सं. 9710 दिनांकित 13.12.2014 के अनुसार नगर परिषद, पलवल के कार्यालय का निर्माण कार्य आरम्भ किया जाना था परन्तु उक्त कार्यालय का निर्माण कार्य अब तक आरम्भ नहीं हुआ है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कार्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**दिनांक 8 अगस्त, 2022.** **सचिव**